हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, शनिवार, 1 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 28 .2 डिग्री
न्यूनतम 15 .8 डिग्री

11 तीन दिवसीय 'स्वर्णिम भारत अनुभूति महामेला' का शुभारंभ



12 बीए तृतीय वर्ष की छात्रा सरिता और छात्र रवि बने बेस्ट एथलीट



## खबर संक्षेप

### काजला खाप का राष्ट्रीय सम्मेलन कुरुक्षेत्र में कल

**हिसार।** काजला खाप का 12वां राष्ट्रीय सम्मेलन 2 मार्च को प्रातः 11 बजे कृष्णा गार्डन, पंजाबी धर्मशाला नजदीक ब्रह्म सरोवर कुरुक्षेत्र में होगा। इसमें हरियाणा राजस्थान उत्तर प्रदेश उत्तराखंड पंजाब में दिल्ली सहित 6 प्रदेशों के काजला बंधु भाग लेंगे। सम्मेलल की अध्यक्षता खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन रामपाल काजला करेंगे, जबकि खाप के राष्ट्रीय संरक्षक धर्मवीर काजला मुख्य अतिथि होंगे। खाप के राष्ट्रीय सलाहकार राजमल काजल ने बताया कि सम्मेलन में कई अहम निर्णय लिए जाएंगे। उन्होंने राजस्थान, हरियाणा, यूपी, दिल्ली व पंजाब के सभी काजला बंधुओं से सम्मेलन में बढ़-चढक़र भाग लेने की अपील की है।

### बाबा श्याम का विशाल जागरण आज

**मंडी आदमपुर।** राज सिनेमा मार्केट में श्याम सेवा परिवार ट्रस्ट द्वारा 1 मार्च शनिवार को रात्रि बाबा श्याम का विशाल जागरण आयोजित किया जाएगा। सुंदर कैथ ने बताया कि पर बाहर से आए कई गायक मुकेश बांगड़ा, अभिषेक नामा, आकाश सागर सहित अन्य कई कलाकार बाबा का गुणगान करेंगे। उन्होंने बताया कि इसके अलावा 56 भोग व बाबा का दरबार कोलकाता के कारीगरों दवारा अलौकिक फूलों का श्रृंगार देखने लायक होगा।

### मोडा खेड़ा में हास्य कवि सम्मेलन 12 मार्च को

**मंडी आदमपुर।** गांव मोडा खेड़ा में बनवासी कल्याण आश्रम मंडी आदमपुर में 12 मार्च को हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। प्रधान चंद्रशेखर शर्मा ने बताया कि राजेश चेतन, योगेंद्र शर्मा, जगबीर राठी, केसर देव मारवाड़ी, गौरी मिश्रा सहित कई कवि देश भक्ति, सामाजिक एवं धार्मिक तथा हास्य कविताओं से मनोरंजन करेंगे।

### जांच में शामिल हुआ गांजा सप्लायर

**हांसी।** एएनसी स्टाफ हांसी पुलिस ने 4 किलो 900 ग्राम गांजा सप्लायर रोहतक के वार्ड न. 11 निवासी केला को शामिल जांच किया गया। प्रवक्ता ने वर्ष 2023 में रविना पत्नी सोनू निवासी भाटोल रांगडान को 4 किलो 900 ग्राम गांजा सप्लाई किया था। एएनसी स्टाफ हांसी पुलिस ने कोर्ट के आदेशानुसार आरोपिया को अभियोग में शामिल किया।

### छात्रा दुष्कर्म मामले में फैसला टला

**हिसार।** छात्रा अपहण व बधंक बनाकर यौन शोषण के मामले में कोर्ट ने फैसला टाल दिया है। 4 दिन पूर्व अदालत ने आरोपी ड्राइंग टीचर को दोषी करार दिया था।

## जिला बार एसोसिएशन के चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न

# संदीप प्रधान, विकास उपप्रधान समीर सचिव व सुनील सहसचिव निर्वाचित

### संदीप बूरा ने सुरेंद्र ढुल को किया पराजित, चुनाव में पांच बूथों पर लगाई 25 ईवीएमए, दो हजार से अधिक वकीलों ने मतदान में लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जिला बार एसोसिएशन के चुनाव में एडवोकेट संदीप बूरा को प्रधान चुना गया है। उन्होंने 626 मत प्राप्त करके पूर्व प्रधान सुरेन्द्र सिंह ढुल को पराजित किया। ढुल को 492 वोट मिले।



संदीप बूरा, नवनिर्वाचित प्रधान।

तय कार्यक्रम के अनुसार जिला बार एसोसिएशन के चुनाव शुक्रवार सुबह शुरू हुए। बार एसोसिएशन के इतिहास में पहली बार हुए चुनाव में ईवीएम से वोटिंग हुई। मतदान के लिए 25 ईवीएम मशीनें लगाई गई थीं और पांच बूथ बनाए गए थे। इस चुनाव में दो हजार से ज्यादा वकीलों ने मतदान किया। चुनाव में मिली जीत के बाद समर्थक वकीलों ने संदीप बूरा को बधाई दी। शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न होने पर आरओ ने सभी उम्मीदवारों व वकीलों को बधाई दी। नवनियुक्त प्रधान व कार्यकारिणी के अन्य सभी पदाधिकारियों ने साथी वकीलों व व जिला प्रशासन का आभार जताते हुए एकजुटता से काम का भरोसा दिया।



**हिसार।** बार एसोसिएशन चुनाव के चलते मतदान करने के लिए वकीलों की लंबी लाइन।

### प्रधान पद में किसे कितने वोट

प्रधान पद का चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों में संदीप बूरा को 626, सुरेन्द्र सिंह ढुल को 492, अमित सैनी को 140, बृजेश कुमार सिंधू को 129, ईश्वर सिंह कड़वासरा को 57, ओम नारायण कौशिक को 56, सुभाष चन्द्र मित्तल को 362 तथा सुंदर सिंह बेनीवाल को 63 वोट मिले।

### उपप्रधान में किसे कितने वोट

उपप्रधान पद के लिए हुए चुनाव में विकास पूनिया ने 779 वोट लेकर जीत दर्ज की। उन्होंने दिनेश सिंह सैनी को पराजित किया, जिन्हें 715 वोट मिले। इसके अलावा दो अन्य प्रत्याशियों अजीत सिंह ढिल्लो को 299 व भागीरथ सिंह को 132 वोट मिले।

### सचिव में किसे कितने वोट

सचिव पद के लिए आधा दर्जन उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे। इनमें समीर भाटिया ने 859 वोट लेकर जीत दर्ज की। उन्होंने विक्रमजीत मित्तल को पराजित किया, जिन्हें 450 वोट मिले। अन्य उम्मीदवारों में नरेश कुमार हरितेश को 137, प्रसिद्ध सिंह नैन को 184, प्रवीण कुमार दहिया को 270 व उमेद सिंह बेनीवाल को 25 वोट मिले।

### सहसचिवः किसे कितने वोट

सहसचिव पद के लिए चार उम्मीदवार मैदान में थे। इसमें सुनील कुमार भारद्वाज ने 648 वोट लेकर जीत दर्ज की। उन्होंने राजकुमारी लोट को हराया जिन्हें 574 वोट मिले। कर्मबीर कुंडू को 537 व प्रवीण कुमार बीरमान को 166 वोट मिले।

### कोषाध्यक्षः किसे कितने वोट

कोषाध्यक्ष पद के लिए तीन उम्मीदवार मैदान में थे। इनमें सुनील कुमार सहदेव विजयी रहे। सुनील कुमार सहदेव को 931 वोट मिले। अरूण शर्मा दूसरे स्थान पर रहे, जिन्हें 559 वोट मिले। तीसरे स्थान पर रहने वाले मनीष सांगवान को 435 वोट प्राप्त हुए।

## गैस लीक होने से रसोई घर में लगी आग, लाखों का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी



न्यू सुभाष नगर कॉलोनी में गैस लीक होने के कारण रसोई घर में आग लग गई। आग की इस घटना से लाखों का सामान जलकर राख हो गया। मकान मालकिन मोनिका ने बताया कि शुक्रवार सुबह वह रसोई में खाना बना रही थीं। वह कुछ देर के लिए गैस चालू करके बाहर गई थीं। इस दौरान अचानक रसोई से धुआं निकलने लगा। जब वह अंदर गईं तो देखा कि वहां आग लग चुकी थी। आग की लपटें तेज़ी से बढ़ने लगीं, जिसके बाद बाहर आकर शोर मचाया तो आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस डायल 112 पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचित किया। दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक रसोई और आसपास रखा सामान पूरी तरह जलकर खाक हो चुका था। मकान मालिक मोनिका ने बताया कि आग से हुए नुकसान का सही अनुमान फिलहाल संभव नहीं है, लेकिन इसमें लाखों रुपये की हानि हुई है। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ।

प्राथमिक जांच में आशंका जताई है कि गैस लीक होने के कारण यह आग लगी होगी। अधिकारियों ने अन्य लोगों से अपील की कि रसोई में गैस का इस्तेमाल सावधानी से करें और सुरक्षा नियमों का पालन करें।

### बिना नम्बर प्लेट मोटरसाइकिल को किया इंपाउंड

**हांसी।** थाना प्रबन्धक सदर हांसी प्रशिक्षु डीएसपी सिद्धार्थ ने गांव उमरा में 12 बिना नम्बर प्लेट मोटरसाइकिलों व स्कूटी को मोटरवाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए चालान कर दो मोटरसाइकिलों को इंपाउंड किया गया व नारनौंद ट्रैफिक इंचार्ज रामनिवास ने 6 मोटरसाइकिलों का चालन कर 1 को इंपाउंड किया। एसपी हांसी ने कहा है कि अपने वाहनों पर नम्बर प्लेट न लगाना यातायात नियमों के खिलाफ है, जिसके लिए हरियाणा पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया गया है। इस संबंध में यातायात पुलिस व थाना प्रबंधकों तथा चौकी प्रभारियों को आदेश दे दिए गए हैं। अगर कोई भी वाहन चालक यातायात नियमों का उल्लंघन करता मिलता है तो उसके खिलाफ मोटरवाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए चालान किया जाएगा।

## सेक्टर 9-11 से चोरी हुई दो क्रेटा राजस्थान के सांचौर से बरामद

**हिसार।** सीआईए ने सेक्टर 9-11 से चोरी हुए दो क्रेटा गाड़ियों को राजस्थान के सांचौर से बरामद किया है। मुख्य सिपाही सुरेंद्र सिंह ने बताया कि इस संबंध में अर्बन एस्टेट थाना में 13 फरवरी को सेक्टर 9-11 हिसार से दो गाड़ियां चोरी होने के बारे में शिकायत मिली थी। इस पर केस दर्ज करके जांच करते हुए पुलिस ने चोरीशुदा दोनों गाड़ियों को सांचौर से बरामद किया है। आरोपियों को तलाश जारी है।





## एसडीएम ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

**हांसी।** हरियाणा बोर्ड की 10वीं तथा 12वीं की परीक्षाओं को लेकर एसडीएम राजेश खोथ ने शुक्रवार को शहर में स्थापित परीक्षा केंद्रो का निरीक्षक द्वारा किया। परीक्षा केंद्रो में साफ- सफाई से लेकर विद्यार्थियों के बैठने तक के लिए की गई तमाम व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षाओं को नकल रहित एवं शांति पूर्ण तरीके से संपन्न करवाना प्रशासन की प्राथमिकताओं में शुमार है। प्रत्येक केंद्र पर हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार व्यापक प्रबंध किए गए। सुरक्षा के लिहाज से सभी परीक्षा केंद्रो पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है और सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था है। एसडीएम ने मानवती आर्य राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्थापित परीक्षा केंद्रो का निरीक्षण किया।

## खेड़ी चोपटाः दो युवक बाइक सवार से 60 हजार छीनकर फरार

**नारनौंद।** शुक्रवार की शाम को एक युवक बाइक पर पैसे लेकर अपने गांव जा रहा था। कि रास्ते में दो युवकों ने जबरदस्ती करके उससे 60 हजार रुपए छीन लिए और मौके से फरार हो गए। सूचना के बाद पुलिस ने नाकेबंदी कर आरोपियों की तलाशी शुरू की, परंतु कोई सुराग नहीं मिला। गांव सोथा निवासी जयभगवान ने बताया कि वो शुक्रवार की शाम को गांव तालु से बाइक पर सवार 60 हजार रुपए लेकर अपने घर जा रहा था। की खेड़ी चोपटा से सोथा सड़क मार्ग पर एक मोटरसाइकल के पास दो युवक खाली बोतल लेकर खड़े हुए थे। उन्होंने रुकने का इशारा किया तो मैने बाइक को रोक लिया उन्होंने कहा कि हमारा बाइक का तेल खत्म ही गया है। बोतल में थोड़ा तेल दे दो मैने बाइक को साइड में खड़ा करके नीचे उतरा तो उनमें से एक युवक ने मुझे पीछे से पकड़ लिया।और दूसरे युवक ने मेरी जेब में हाथ डालकर सारे पैसे निकाल लिए ।मुझे साइड में धक्का देकर दोनों बाइक पर वहां से भाग गए। मैने इसकी सूचना पुलिस को दी तो तुरंत ही मौके पर पुलिस पहुंच गई। इस संबंध में थाना प्रभारी चंद्र भान ने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी चेक की जा रही है। जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।



## कैफे के खिलाफ नहीं हो रही कार्रवाई

**हिसार।** बिजली निगम की मैनेजमेंट द्वारा विद्युत नगर में चल रहे एक कैफे की गतिविधियों के खिलाफ कोई कार्रवाई न किए जाने से विद्युत नगर निवासियों में दिन प्रतिदिन रोष बढ़ता ही जा रहा है। निवासियों ने लगातार कई दिनों से चले आ रहे प्रदर्शन की कड़ी में शुक्रवार भी नीरज तारा की अध्यक्षता व हर्षवर्धन जोशी के संचालन जारी रहा। उन्होंने बताया कि कॉलोनी वासी इसलिए लगातार कई दिनों से कैफे के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं ताकि हमारे परिवार व हमारे बच्चे हमारे पुराने कल्चर को निभाए व पश्चिमी संस्कृति से दूर रहे। महिलाओं ने कहा कि कैफे को अधिकारियों ने जान बूझकर तृतीय श्रेणी कर्मचारीयों के आवास के पास पार्क में बनवाया है। कैफे की वजह से हमारे बच्चों के साथ समाज व संस्कृति पर प्रभाव पड़ेगा। इस वजह से हमें अपने व अपने बच्चों के भविष्य को ध्यान मे रखते हुए इसे बंद करना चाहिए। मैनेजमेंट के इस रवैये को हम किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेंगे। सुभाष ने बताया कि कैफे में विद्युत नगर से बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश से कालोनी वासियों का जीना दुभर हो गया है।

## गाड़ी चालक पर हमला कर हजारों की नकदी व आरसी छीनने का आरोप

- गांव राजली में बारात लेकर आए गाड़ी चालक के साथ हुई वारदात, 12 अज्ञात लोगों पर केस

**बरवाला।** गांव राजली में स्विफ्ट डिजायर गाड़ी में बारात लेकर आए गाड़ी में सवार एक चालक पर पांच नामजद और 10 -12 अज्ञात व्यक्तियों ने रास्ता रोककर और हमला करके तथा गाड़ी में से हजारों रुपये की नकदी व गाड़ी की आरसी उठाकर ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने गांव रामपुरा चरखी दादरी निवासी सुनील के बयान पर गांव सारंगपुर निवासी अनुराग व साहिल और मोंटी हडोदा तथा हुड्डा दीपक उम्रावास व गांव रामपुरा निवासी कालू समेत 10 -12 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके कार्रवाई आरंभ कर दी है । गांव रामपुरा चरखी दादरी निवासी सुनील ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बुकिंग पर शिफ्ट डिजायर गाड़ी में गांव डोका से गांव राजली में बारात लेकर आया था। रात्रि लगभग 12 बजे खाना खाने के बाद वह गाड़ी स्टार्ट करने लगा तो सारंगपुर निवासी अनुराग व साहिल और मोंटी हडोंदा तथा हुड्डा दीपक उम्रावास व रामपुरा निवासी कालू ने और 10 - 12 अज्ञात व्यक्तियों ने अचानक मेरा रास्ता रोककर मुझ पर हमला कर दिया और गाड़ी से 15 हजार रुपये की नकदी व गाड़ी की आरसी उठाकर ले गए। शोर शराबा सुनकर गांव राजली के लोगों ने मौके पर पहुंचकर इन लोगों के चंगुल से छुडवाया और अग्रोहा मेडिकल में उपचार के लिए दाखिल करवाया।

## चुनाव प्रचार थमने से पहले प्रत्याशियों ने शक्ति प्रदर्शन से माहौल बनाने का किया प्रयास

# थम गया भोपू को शोर, अब बस डोर-टू-डोर प्रचार, मतदान कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

शहर की छोटी सरकार के लिए रविवार को मतदान होगा। इसके चलते शुक्रवार सायं चुनाव प्रचार अभियान थम गया। चुनाव प्रचार थमने के साथ ही लाउड स्पीकर का शोरगुल बंद हो गया। चुनाव प्रचार थमने से पहले मेयर व पार्षद पद के लिए मैदान में उतरे प्रत्याशियों ने शक्ति प्रदर्शन किया। चुनावी समर में कूदे मेयर व पार्षद पद के प्रत्याशी अब लाउड स्पीकर के माध्यम से अपना प्रचार करने की बजाय डोर-टू-डोर से मतदाताओं से अपील कर सकेंगे। इसी बीच जिला प्रशासन ने मतदान की सभी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। बता दें कि मेयर पद के लिए 7 तथा निगम के 20 वार्डों से कुल 116 प्रत्याशी मैदान में है। मतदान 2 मार्च को होगा।

### तृतीय रेंडमाइजेशन संपन्न

निकाय चुनाव की तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। इसी के तहत शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस रूम में तृतीय चरण की रेंडमाइजेशन प्रक्रिया भी संपन्न हो गई है। इस प्रक्रिया के दौरान चुनाव पर्यवेक्षक आईएएस प्रभजोत सिंह भी मौजूद रहे। चुनाव पर्यवेक्षक आईएएस प्रभजोत सिंह ने इस बीच कहा कि चुनाव शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से हो, इसके लिए तमाम प्रबंध करने की हिदायत दी गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि नगर निगम हिसार के लिए 239 तथा नगर पालिका नारनौंद के लिए 16 बूथ बनाए गए हैं। इसके साथ ही 20 प्रतिशत रिजर्व पोलिंग पार्टियां भी रखी गई हैं। कम्प्यूटरीकृत तरीके से तीसरे चरण का रेंडमाइजेशन हुआ है। इसके तहत पोलिंग पार्टी को बूथ अलॉट हुए हैं। उन्होंने कहा कि पोलिंग पार्टी की रवानगी बूथों पर शनिवार को होगी। इस दौरान एसीयूटी कनिका गोयल, नगर निगम हिसार के रिटर्निंग अधिकारी हरबीर सिंह, नारनौंद नगर पालिका के रिटर्निंग अधिकारी मोहित महराणा, नगराधीश हरिराम, डीआईओ दीपक भारद्वाज मौजूद रहे।



**हिसार।** तृतीय रेंडमाइजेशन में चुनाव पर्यवेक्षक आईएएस प्रभजोत सिंह, डीसी अनीश यादव एवं अन्य अधिकारीगण।

### जांचा चुनावी लेखा-जोखा

नगर निकाय चुनावों में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लघु सचिवालय स्थित जिला सभागार में बैठक हुई। बैठक में चुनावी उम्मीदवारों द्वारा प्रस्तुत किए गए खर्च के ब्यौरे की जांच की गई। बैठक की अध्यक्षता खर्च पर्यवेक्षक पुनीत शर्मा ने की जिन्होंने चुनावी व्यय के नियमों का कड़ाई से पालन करने पर जोर दिया। बैठक के दौरान नगर निकाय चुनाव लड़ रहे विभिन्न उम्मीदवारों द्वारा जमा किए गए चुनावी खर्च के दस्तावेजों की विस्तृत जांच की गई।

बैठक में डीईटीसी तरुणा लांबा ने उम्मीदवारों को चुनावी खर्च की प्रामाणिक रसीदें और बैंक लेनदेन का रिकॉर्ड संलग्न करने, प्रचार सामग्री के भुगतान का स्पष्ट विवरण प्रस्तुत करना, किसी भी प्रकार के अनियमितता या छिपे हुए व्यय से बचने तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से भी खर्च का विवरण देने के बारे में जानकारी दी। बैठक में लेखा अधिकारी जगबीर सिंह, सहायक खर्च अधिकारी, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि और नगर निकाय चुनाव के उम्मीदवारों ने भी भाग लिया।

### खर्च ब्यौरा बैठक में न आने वालों को जारी होंगे नोटिस

**हिसार।** नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर खर्च पर्यवेक्षक तथा उनकी टीम हर पहलू पर नजर रखे हुए है। इसी के तहत शुक्रवार को खर्च पर्यवेक्षक पुनीत शर्मा ने एक बार फिर खर्च ब्यौरा संबंधित बैठक ली है।खर्च पर्यवेक्षक पुनीत शर्मा ने निकाय चुनाव के उम्मीदवारों की तरफ से चुनाव में खर्च संबंधित दिए जाने वाले ब्यौरा खर्च को लेकर कहा कि पोलिंग एजेंट बनाने की एवज में 400 रुपये प्रति एजेंट के हिसाब से खर्च सुनिश्चित किया गया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि 30 दिन के अंदर तमाम खर्च का ब्यौरा रिकॉर्ड सहित जमा करवाना होगा, नहीं तो नियमानुसार योग्यता रद्द कर दी जाएगी। खर्च पर्यवेक्षक पुनीत शर्मा ने कहा कि उम्मीदवार तथा उनके प्रतिनिधि किसी भी प्रकार का नकद लेनदेन न करें। इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित करें की फाईल सम्बिशन के दौरान आउटस्टैंडिंग ड्यूज न छोड़ें। इस दौरान डीईटीसी तरुणा लाम्बा तथा लेखा अधिकारी जगबीर सिंह, अशोक कुमार नेहरा ने कहा कि चुनाव की हिदायतों के तहत हर पहलू पर निगाह रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को हुई बैठक में खर्च ब्यौरा संबंधित रजिस्टर इत्यादि की जांच करवाने अथवा ब्यौरा देने के लिए जिन उम्मीदवारों की अनुपस्थिति रही है, उनके संबंध में नियमानुसार अगली कार्यवाही हेतु रिपोर्ट संबंधित रिटर्निंग अधिकारी को भेज दी गई है।

### इनकी रही अनुपस्थिति

खर्च पर्यवेक्षक पुनीत शर्मा ने बताया कि वार्ड नंबर 5 से दिनेश, वार्ड 6 से बबीता, वार्ड 7 से धूप सिंह घोड़ेला, वार्ड 8 से मन्नू अग्रवाल, वार्ड 10 से कविता पत्नी जगबीर सिंह, वार्ड 14 से सुमन श्योराण व डॉ सुमन यादव 24 फरवरी, 26 फरवरी तथा 28 फरवरी को हुई खर्च ब्यौरा संबंधी बैठक में गैर हाजिर रहे। इसी तरह से 28 फरवरी को हुई खर्च ब्यौरा की बैठक से मेयर पद के उम्मीदवार सुरेंद्र भौरिया, पार्षद पद के उम्मीदवार वार्ड 4 से जतिन शर्मा, वार्ड 5 से सौरभ पपनेजा, दिनेश व ललित भाटिया, वार्ड 6 से सुमित खन्ना, ऊषा, पूजा रानी, बबिता, मीनू, वार्ड 7 से डॉ भूप सिंह घोड़ेला, विजय कुमार, संदीप शर्मा, वार्ड 8 से मीनू अग्रवाल, वार्ड 9 से पिंकी रानी, वार्ड 10 से कविता पत्नी जगबीर सिंह, ज्योति, प्रीति सैनी, बिमला देवी, वार्ड 11 से अनिल शर्मा, महावीर, वार्ड 12 से जयकृष्ण, वार्ड 14 से डॉ सुमन यादव, कृति, सुमन श्योराण, वार्ड 15 से संतोष सैनी, गीता सैनी, वार्ड 16 से श्यामलाल, सुदर्शन कुमार, वार्ड 18 से ओमप्रकाश, प्रवीन कुमार, विक्रमजीत, वार्ड 19 से सत्यवान पान्नू, जोगेंद्र सिंह की तरफ से खर्च ब्यौरा संबंधित रजिस्टर चेक करवाने के लिए कोई नहीं पहुंचा।

### पोस्टल बैलेट से वोट डालेंगे कर्मचारी

**हिसार।** निगम चुनाव को लेकर ड्यूटी देने वाले सरकारी कर्मचारियों के लिए पोस्टल बैलेट पेपर की भी खास व्यवस्था की गई है। रिटर्निंग अधिकारी हरबीर सिंह ने बताया कि पोस्टल बैलेट के लिए आवेदन लिए थे, उनकी जांच इत्यादि के बाद दोपहर तक 38 आवेदन करने ठीक पाए गए हैं, शेष आवेदनों की भी जांच की जा रही है। जिन कर्मचारियों के पोस्टल बैलेट वोट बन गए हैं वो एक मार्च को अपने वोट के हक का इस्तेमाल करेंगे। महाबीर स्टेडियम में ही अलग से टेबल की व्यवस्था के साथ साथ कर्मचारियों की ड्यूटियां लगाई गई है। पोस्टल बैलेट पेपर से संबंधित नोडल अधिकारी भरत शर्मा ने बताया कि राज्य चुनाव आयोग की हिदायतों के अनुसार तमाम कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों जब 3 दिनों के लिए कर्मचारियों की ट्रेनिंग की प्रक्रिया चली थी, उस दौरान पोस्टल बैलेट पेपर के संबंध में आवेदन मांगे गए थे, उन्होंने कहा कि पोस्टल बैलेट पेपर की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि फार्म 13,14,15,16 को भरने के बाद इसे बॉक्स में डालना होगा।। वोट गिनती के वक्त इन्हें खोला जाएगा।

### प्रचार थमा, बढ़ी प्रत्याशियों की धड़कनें

**नारनौंद।** नपा चुनाव के महासंग्राम में पिछले काफी दिनों से सभी प्रत्याशी पूरे दम खम से प्रचार करने में जुटे हुए थे। प्रचार की आखिरी दिन शुक्रवार को अनेक प्रत्याशियों ने रोड शो निकालकर अपने पक्ष में वोट की अपील की। शाम को पांच के बजे के बाद चुनावी प्रचार थम गया। अब डोर टू डोर प्रचार होगा। नपा में कुल 14081 वोट है। जिनमें 6702 वोट महिलाओं और 7378 वोट पुरुषों के हैं। एक किन्नर मतदाता है। कुल 16 वार्ड है और उनमें 53 उम्मीदवार पार्षद के लिए अपना भाग्य आजमा रहे हैं। चुनावी रण में 10 प्रत्याशी चेयरमैन पद के दावेदार हैं। जिनमें रामकुमार गौतम के भाई भीमसेन गौतम, पूर्व पार्षद कुलदीप गौतम, शमशेर कूकन, सुरेश एमसी, आप के मुकेश लोहान, अनुराधा, सुमन रानी, दिनेश व्यास, मनीष, प्रदीप गौतम हैं। दो मार्च को वोटिंग होगी और 12 मार्च को मतगणना की जाएगी।

# डिजिटल सेक्टर में कोर्स कर संवारे भविष्य



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

आज दुनिया तेजी से डिजिटल हो रही है। बिग डेटा के साथ एकुरेसी की तरफ ध्यान दिया जा रहा है। आज एआई, क्लाउड कंप्यूटिंग, ब्लॉक चेन, रोबोटिक्स, आईओटी जैसे तकनीकें तेजी डिजिटल दुनिया को बदल रही हैं। डिजिटल सेक्टर तेजी से विकसित होती इंडस्ट्री है, जो युवाओं को नए रोजगार अवसर प्रदान कर रही है। एक ग्लोबल रिपोर्ट के मुताबिक, 2030 में डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर का आकार 1500 अरब डॉलर से अधिक होने की संभावना है। डिजिटल मार्केटिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, वेब डेवलपमेंट, डेटा एनालिटिक्स, साइबर सुरक्षा जैसे कई क्षेत्र हैं जो डिजिटल सेक्टर में 3 से 6 महीने की स्किल सीखने पर उपलब्ध हैं।

## ये डिजिटल स्किल्स सीखें

वर्ड प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर स्किल, सोशल मीडिया स्किल, पर्सनल आर्किविंग, इनफॉर्मेशन इवैल्यूएशन, स्क्रीनकास्टिंग, कोलैबोरेशन, इमेज एडिटिंग, कंटेंट राइटिंग एंड कंटेंट मैनेजमेंट, डाटा एनालिटिक्स, कॉपीराइट एंड प्लेगिअरिज़्म, डाटा साइंस, डिजिटल प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, डिजिटल प्रोडक्ट मैनेजमेंट, सोशल मीडिया मैनेजमेंट, डिजिटल बिजनेस एनालिसिस, डिजिटल डिज़ाइन एंड डाटा विजुअलाइज़ेशन, वेब एंड एप डेवलपमेंट, डिजिटल प्रोग्रामिंग, डिजिटल वीडियो एडिटिंग आदि।

**बेसिक लर्निंग :** कोडिंग, ब्रांडिंग, क्लाउड सॉफ्टवेयर, माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस, बैंकिंग एप्स आदि।

### ये स्किल अहम

1. सोशल मीडिया मार्केटिंग, 2. सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), 3. डिजिटल एनालिटिक्स, 4. ईमेल मार्केटिंग, 5. कंटेंट मार्केटिंग, 6. पेड एड्स, 7. वेबसाइट डेवलपमेंट, 8. वीडियो मार्केटिंग

### डिजिटल कोर्सेज

सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), वेब एनालिटिक, ग्राफ़िक डिजाइनिंग, एनीमेशन एंड मल्टीमीडिया, ग्रोथ हैकिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, ईमेल/ इनबाउंड मार्केटिंग, मोबाइल मार्केटिंग, कंटेंट मार्केटिंग, पे-पर-क्लिक (पीपीसी) मार्केटिंग, सर्टिफाइड डिजिटल मार्केटिंग मास्टर कोर्स आदि।

## डिजिटल सेक्टर की इन ट्रेंड्स में कर सकते हैं महारत हासिल

### आधार आधारित

आधार आधारित मार्केटिंग बढ़ता हुआ ट्रेंड है। इस मार्केटिंग में ग्राहकों के बारे में जानकारी जैसे उनके नाम, उम्र, पता, ईमेल आईडी, सोशल मीडिया अकाउंट आदि इकट्ठी कर इसका उपयोग उन्हें प्रभावी ढंग से लक्ष्य दर्शकों के लिए विज्ञापन दिखाने में किया जाता है।

### सोशल मीडिया

सोशल मीडिया मार्केटिंग एक और महत्वपूर्ण डिजिटल मार्केटिंग ट्रेंड है। सोशल मीडिया पर विज्ञापन दिखाने के साथ-साथ, उत्पाद या सेवाओं को विस्तार से बताने और संचार करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जाता है। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट और विज्ञापन शेयर करके, व्यवसाय अपनी विनिमय विवरणों को ग्राहकों तक पहुंचा सकते हैं और ग्राहकों से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### वीडियो मार्केटिंग

वीडियो मार्केटिंग लोकप्रिय डिजिटल मार्केटिंग ट्रेंड है जो ऑडियो और वीडियो सामग्री के माध्यम से उत्पादों और सेवाओं का विज्ञापन करता है, क्योंकि इससे उत्पाद और सेवाओं के बारे में दिए जा रहे विवरणों को समझना आसान हो जाता है। यह वीडियो एड विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चलाए जा रहे हैं। जैसे - यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक आदि।

### इंफ्लुएंसर मार्केटिंग

आजकल इंफ्लुएंसर मार्केटिंग बढ़ते हुए डिजिटल मार्केटिंग क्षेत्र का एक प्रमुख तरीका है। इसमें मार्केटिंग कंपनियां सोशल मीडिया पर लाखों फॉलोअर्स के साथ अकाउंट चला रहे इंफ्लुएंसर्स का प्रचार में सहारा लेती हैं। आजकल इंस्टाग्राम, फेसबुक व यूट्यूब पर इंफ्लुएंसर मार्केटिंग का तरीका बहुत बढ़ गया है।

### डिजिटल मार्केटिंग हॉट

मार्केटिंग का एक अन्य ट्रेंड है डिजिटल मार्केटिंग। यह उन सभी ऑनलाइन मार्केटिंग गतिविधियों के लिए उपयोग किया जा सकता है जो इंटरनेट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से की जा रहीं हैं। आज के समय में कंपनियां डिजिटल मार्केटिंग के लिए अलग-अलग प्लेटफॉर्मों का उपयोग कर रहीं हैं, जैसे वेबसाइट, सोशल मीडिया, ईमेल और मोबाइल एप्लीकेशन। इसी कारण डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), सोशल मीडिया मार्केटिंग (एसएमएम), मार्केटिंग एनालिसिस्ट, ईमेल मार्केटिंग, वीडियो मार्केटिंग, फेसबुक विज्ञापन एक्सपर्ट की ढेरों रिक्तियां हैं।

### जॉब ऑप्शन्स

डाटा साइंटिस्ट, वेस्ट डाटा मैनेजर, कमर्शियल/ सिविलियन ड्रोन ऑपरेटर, डिजिटल करेंसी एडवाइज़र, डिजिटल आर्टिस्ट, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक्सपर्ट, रोबोटिक्स और मशीन लर्निंग एक्सपर्ट, डिजिटल प्रोडक्ट डिज़ाइनर, मोबाइल डिज़ाइनर, वेब डेवलपर/ वेब डिज़ाइनर, एनिमेशन एक्सपर्ट, एनालिटिकल मैनेजर, यूज़र एक्सपीरियंस डिज़ाइनर, डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर, ईमेल मार्केटिंग मैनेजर, सोशल मीडिया एक्सपर्ट, सर्च इंजन ऑप्टिमाइज़र, कॉपी/ कंटेंट राइटर।

### टॉप रिक्रूटर्स

एफएमसीजी (फ़ास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स), रिटेल, टूरिज्म, बैंकिंग, हॉस्पिटैलिटी, आईटी एंड आईटीईएस, मीडिया/ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स/ चैनल्स, पीआर एंड एडवरटाइजिंग, कंसल्टेंसी, मार्केट रिसर्च और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइसेज आदि।

### स्किल सीखने के फायदे

डिजिटली दक्ष युवाओं के लिए कई नौकरियां उपलब्ध हैं। डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में स्किल्ड युवाओं की कमी होने के कारण नौकरियों में उच्च वेतन दिया जाता है। डिजिटल मार्केटिंग ने बाजार में एक नया मापदंड स्थापित किया है। इसमें अधिक लोगों तक आपका संदेश पहुंचाने के लिए कम खर्च की आवश्यकता होती है। आप खुद के बोस हो सकते हैं और स्वयं के अनुसार काम करने का फैसला कर सकते हैं। आप खुद के व्यवसाय या ऑनलाइन स्टार्टअप भी शुरू कर सकते हैं जो आपको स्वतंत्रता और आय की संभावनाएं प्रदान करता है।

---

## इंजीनियर का मुख्य कार्य तेल और गैस के भंडार का पता लगाना

# पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में बेहतर करियर का अवसर, रोमांचक और चुनौतीपूर्ण




**डॉ. मोहित बंसल**

करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



### ऊर्जा उत्पादन के लिए प्रौद्योगिकी का विकास जरूरी

यदि आप भी गणित और भौतिकी में मजबूत हैं और पृथ्वी विज्ञान, भूगर्भशास्त्र और प्राकृतिक संसाधनों के बारे में रुचि रखते हैं तो आपके लिए अच्छे वेतन और सम्भावनाओं से भरपूर पेशा है पेट्रोलियम इंजीनियर। यह पेशा विशेष रूप से ऊर्जा उद्योग से जुड़ा है, जो विश्व भर में विकासशील और स्थापित अर्थव्यवस्थाओं के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है। आज के समय में पेट्रोलियम इंजीनियरिंग एक बहुत ही महत्वपूर्ण और उच्च वेतन वाला पेशा है। पेट्रोलियम इंजीनियरों का मुख्य कार्य तेल और गैस के भंडार का पता लगाना, उनका निष्कर्षण करना और ऊर्जा के उत्पादन के लिए प्रौद्योगिकियों का विकास करना होता है। इस पेशे में तकनीकी ज्ञान और विश्लेषणात्मक सोच की आवश्यकता होती है, साथ ही पेट्रोलियम संसाधनों का कुशल प्रबंधन भी बहुत महत्वपूर्ण है। पेट्रोलियम इंजीनियरिंग का कार्य न केवल उर्जा उत्पादन को बढ़ावा देता है, बल्कि यह वैश्विक ऊर्जा जरूरतों को भी पूरा करने में मदद करता है।



### करियर काउंसलर से लें सलाह

अपने लिए किसी भी करियर को चुनने से पहले, करियर काउंसलर की सलाह लेना हमेशा फायदेमंद होता है, ताकि आप अपने कौशल और रुचियों के आधार पर सही दिशा में कदम बढ़ा सकें। इसके लिए आप www.career-jaano.com पर विजिट कर सकते हैं।

### प्रमुख संस्थान

**सरकारी संस्थान**

1. इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी), खड़गपुर
   ▶▶| कोर्स नाम: बी टेक और एम टेक इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग
2. डी. यु. (दिल्ली विश्वविद्यालय), दिल्ली
   ▶▶| कोर्स नाम: एम्इससी इन पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस टेक्नोलॉजी
3. नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एनआईटी), राउरकेला
   ▶▶| कोर्स नाम: बी टेक इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग
4. ऑयल और गैस इंस्टीट्यूट, गुजरात
   ▶▶| कोर्स नाम: बी टेक इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग
5. यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम एंड एनर्जी स्टडीज (यूपीईएस), देहरादून
   ▶▶| कोर्स नाम: बी टेक इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग

**निजी संस्थान**

1. वेलिंगकर इंस्टिट्यूट ऑफ मैनजमेंट, मुंबई
   ▶▶| कोर्स नाम: पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन पेट्रोलियम मैनेजमेंट
2. शिव नादर विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा
   ▶▶| कोर्स नाम: एम् टेक इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग
3. आकृति कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, हैदराबाद
   ▶▶| कोर्स नाम: बी टेक इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग
4. किंगफिशर इंस्टीट्यूट, बैंगलोर
   ▶▶| कोर्स नाम: एमएससी इन पेट्रोलियम टेक्नोलॉजी
5. रैज कॉलेज, पुणे
   ▶▶| कोर्स नाम: बी टेक इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग

### शिक्षा और प्रशिक्षण

1. **बैचलर डिग्री** : पेट्रोलियम इंजीनियर बनने के लिए सबसे पहले आपको एक बैचलर डिग्री की आवश्यकता होती है। यह डिग्री आमतौर पर बी टेक या बी इ के रूप में होती है, जिसमें पेट्रोलियम इंजीनियरिंग, मीन्स, और ग्रीन एनर्जी जैसे विषयों की विशेष जानकारी दी जाती है।
2. **मास्टर डिग्री** : यदि आप इस क्षेत्र में और गहरी विशेषज्ञता हासिल करना चाहते हैं, तो आप एम् टेक या एम् इस सी इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग कर सकते हैं। इस डिग्री से आपको उच्च-स्तरीय तकनीकी ज्ञान और पेट्रोलियम उत्पादन प्रौद्योगिकियों में महारत हासिल होती है।
3. **डॉक्टरेट (पीएचडी)** : पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में गहरी रिसर्च करने व अकादमिक पेशेवर बनने के लिए पीएचडी इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग कर सकते हैं। इस क्षेत्र में शोध से नए तकनीकी समाधान और ऊर्जा संसाधनों के कुशल उपयोग के बारे में नई दिशा पा सकते हैं।

### कौशल और योग्यता

1. **तकनीकी ज्ञान** : पेट्रोलियम इंजीनियर को ऊर्जा क्षेत्र, विशेष रूप से तेल और गैस निष्कर्षण तकनीक में गहरी समझ होनी चाहिए।
2. **समस्या हल करने की क्षमता** : पेट्रोलियम इंजीनियर को खतरनाक और जटिल स्थितियों में समस्याओं का समाधान करने की क्षमता होनी चाहिए।
3. **संचार कौशल** : पेट्रोलियम इंजीनियरों को टीम के साथ प्रभावी रूप से संवाद करने की आवश्यकता होती है, क्योंकि यह क्षेत्र टीम-आधारित कार्यों पर निर्भर करता है।
4. **डाटा विश्लेषण कौशल** : पेट्रोलियम इंजीनियरों को उपकरणों और मापदंडों का विश्लेषण करने में सक्षम होना चाहिए, ताकि वे सटीक निष्कर्ष पर पहुँच सकें।

### नौकरी के अवसर

**निजी क्षेत्र में करियर** : पेट्रोलियम इंजीनियर निजी कंपनियों में काम कर सकते हैं, जैसे ऑयल और गैस कंपनियाँ रिलायंस, ओएनजीसी, एस्सार आयल, जहां वे तेल और गैस निष्कर्षण, उत्पादन, और अन्य संबंधित कार्यों में विशेषज्ञता प्राप्त कर सकते हैं।

**सरकारी क्षेत्र में करियर** : सरकारी क्षेत्र में ओएनजीसी, आईओसीएल, बीपिसीएल, एचपिसीएल जैसी कंपनियों में पेट्रोलियम इंजीनियर नौकरी कर सकते हैं, जहाँ उन्हें तेल, गैस, और ऊर्जा के क्षेत्र में योगदान देने का अवसर मिलता है।

### वेतन और आय

पेट्रोलियम इंजीनियरों का वेतन अनुभव और कार्यस्थल के आधार पर भिन्न हो सकता है। एक फ्रेश पेट्रोलियम इंजीनियर का वेतन 6,00,000 रुपये से 12,00,000 रुपये प्रति वर्ष तक हो सकता है। अधिक अनुभव वाले पेशेवरों का वेतन 15,00,000 रुपये से 25,00,000 प्रति वर्ष तक हो सकता है।

**रोमांचक करियर :** पेट्रोलियम इंजीनियरिंग एक चुनौतीपूर्ण लेकिन रोमांचक करियर है, जो न केवल तकनीकी विकास के अवसर प्रदान करता है, बल्कि ऊर्जा क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान का अवसर भी देता है। इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए सही शिक्षा, कौशल और अनुभव प्राप्त करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि आप इस क्षेत्र में काम करने के इच्छुक हैं, तो उपयुक्त संस्थानों से शिक्षा प्राप्त करना और इसके साथ ही उचित प्रशिक्षण प्राप्त करना आपके लिए लाभकारी हो सकता है।

---

# महाकुंभ की प्रेरणा : विद्यार्थियों के लिए लक्ष्य, समर्पण और ईश्वर की कृपा



मोटिवेशनल

**डॉ. दिव्या तंवर**

महाकुंभ मेला, जो दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक समागम है, केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है। यह एक जीवन दर्शन है, जो विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण, समर्पण, और ईश्वर की कृपा के महत्व का पाठ पढ़ाता है। यह हमें सिखाता है कि सफलता पाने के लिए केवल मेहनत ही नहीं, बल्कि एक स्पष्ट दिशा, अटूट समर्पण और ईश्वर पर अडिग विश्वास भी आवश्यक है। महाकुंभ में लाखों श्रद्धालु एक ही लक्ष्य लेकर चलते हैं- आत्मिक शुद्धि और मोक्ष की प्राप्ति। यह लक्ष्य इतना स्पष्ट होता है कि वे सभी कठिनाइयों का सामना करते हुए भी अपने मार्ग पर अग्रसर रहते हैं। विद्यार्थियों के लिए भी यह सबक बहुत महत्वपूर्ण है। जीवन में सफलता पाने के लिए सबसे पहले एक स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करना आवश्यक है।

## लक्ष्य के प्रति पूरी तरह समर्पित होना होगा

चाहे वह परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करना हो, करियर में उचाईयाँ छूना हो, या कोई व्यक्तिगत सपना पूरा करना हो, लक्ष्य के बिना मेहनत बेकार है। लक्ष्य वह मंदिर है जहाँ तक पहुँचने के लिए आपको रास्ता खुद बनाना होगा। यह रास्ता कठिनाइयों से भरा हो सकता है, लेकिन अगर आपका लक्ष्य स्पष्ट है, तो हर चुनौती एक नई सीख बन जाती है। महाकुंभ के श्रद्धालुओं की तरह, आपको भी अपने लक्ष्य के प्रति पूरी तरह समर्पित होना होगा।

**सफलता की कुंजी** : जिस तरह महाकुंभ में श्रद्धालु अपने लक्ष्य के प्रति पूरी तरह समर्पित होते हैं, उसी तरह विद्यार्थियों को भी अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण दिखाना चाहिए। समर्पण का अर्थ है – लगातार मेहनत करना, चुनौतियों का सामना करना और कभी हार न मानना। उदाहरण के लिए, यदि आपका लक्ष्य परीक्षा में टॉप करना है, तो आपको नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन और स्वयं को अनुशासित रखना होगा। यह आसान नहीं होगा, लेकिन समर्पण के साथ आप हर बाधा को पार कर सकते हैं। महाकुंभ के श्रद्धालुओं की तरह, आपको भी अपने लक्ष्य के प्रति पूरी तरह समर्पित होना होगा।

**ईश्वर की कृपा**: मेहनत के साथ आशीर्वाद महाकुंभ में लोग ईश्वर की कृपा पाने के लिए जुटते हैं, लेकिन यह कृपा केवल प्रार्थना से नहीं, बल्कि अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा से निभाने से मिलती है। विद्यार्थियों को यह समझना चाहिए कि ईश्वर की कृपा हमेशा उनके साथ है, लेकिन यह केवल तभी फल देती है जब आप अपनी मेहनत और लगन से उसे सींचते हैं। उदाहरण के लिए, यदि आप परीक्षा में सफल होना चाहते हैं, तो केवल प्रार्थना करने से काम नहीं चलेगा। आपको पढ़ाई में पूरी मेहनत करनी होगी, और साथ ही ईश्वर पर विश्वास रखना होगा कि वह आपके प्रयासों को सफलता में बदल देंगे।

### विद्यार्थियों के लिए महाकुंभ का संदेश

महाकुंभ हमें सिखाता है कि लक्ष्य के प्रति समर्पण, कड़ी मेहनत और ईश्वर की कृपा तीनों का संतुलन ही सफलता का मार्ग है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अपने लक्ष्य को स्पष्ट रखें, महाकुंभ के श्रद्धालुओं की तरह समर्पित रहें, और ईश्वर पर विश्वास बनाए रखें। याद रखें, मेहनत और आशीर्वाद का संगम ही आपको जीवन के महाकुंभ तक पहुँचाएगा। लक्ष्य बड़ा हो, समर्पण गहरा हो, और ईश्वर की कृपा सदैव आपके साथ हो। मेहनत और विश्वास का यह संगम आपको सफलता के शिखर तक ले जाएगा। यह वाक्य न केवल एक प्रेरणादायक संदेश है, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में सफलता का मंत्र भी है।

**लक्ष्य बड़ा हो** : जीवन में सफलता पाने के लिए सबसे पहले एक बड़ा और स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करना आवश्यक है। लक्ष्य वह ध्रुव तारा है जो आपको अंधेरे में भी सही दिशा दिखाता है। चाहे वह शिक्षा के क्षेत्र में उच्च प्राप्तियाँ हों, करियर में सफलता हो, या कोई व्यक्तिगत सपना, लक्ष्य के बिना मेहनत बेकार है। उदाहरण के लिए, यदि आपका लक्ष्य एक प्रतिष्ठित कॉलेज में प्रवेश पाना है, तो यह लक्ष्य आपको हर दिन प्रेरित करेगा। आपको पता होगा कि आपको क्या करना है और क्यों करना है। लक्ष्य बड़ा होने से आपकी सोच विस्तृत होती है और आप चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहते हैं।

**समर्पण गहरा हो** : लक्ष्य निर्धारित करने के बाद उसे पाने के लिए गहरा समर्पण आवश्यक है। समर्पण का अर्थ है – लगातार मेहनत करना, चुनौतियों का सामना करना और कभी हार न मानना। जिस तरह महाकुंभ के श्रद्धालु अपने लक्ष्य के प्रति पूरी तरह समर्पित होते हैं, उसी तरह विद्यार्थियों को भी अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित होना चाहिए। उदाहरण के लिए, यदि आपका लक्ष्य परीक्षा में टॉप करना है, तो आपको नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन और स्वयं को अनुशासित रखना होगा। यह आसान नहीं होगा, लेकिन समर्पण के साथ आप हर बाधा को पार कर सकते हैं। समर्पण वह शक्ति है जो आपको लक्ष्य तक पहुँचाती है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** एक परमाणु में 9 इलेक्ट्रॉन तथा 10 न्यूट्रॉन है ,उसकी द्रव्यमान संख्या होगी
(ए) 9 (बी) 10
(सी) 18 (डी) 19

**2.** $_{88}Ra^{226}$ (रेडियम) के नाभिक में न्यूट्रॉन और प्रोटॉनों की संख्या क्रमशः है
(ए) 138 एवं 88
(बी) 88 एवं 138
(सी) 226 एवं 88
(डी) 88 एवं 226

**3.** जिस तत्व में के परमाणु में 2 प्रोटॉन , 2 न्यूट्रॉन तथा 2 इलेक्ट्रॉन हों , उस तत्व का द्रव्यमान संख्या कितनी होगी
(ए) 2 (बी) 4
(सी) 6 (डी) 8

**4.** $_{19}K^{4}$* में इलेक्ट्रॉन की संख्या है -
(ए) 18 (बी) 19
(सी) 20 (डी) 10

**5.** यदि परमाणु की तीसरी कक्षा सबसे बहरी कक्षा हो ,तो इसमे इलेक्ट्रॉनों की अधिकतम संख्या हो सकती है
(ए) 8 (बी) 16
(सी) 18 (डी) 36

**6.** किसी परमाणु की परमाणु संख्या **Z** है तथा उसकी द्रव्यमान संख्या **M** है,तो इसके नाभिक में न्यूट्रॉन की संख्या कितनी होगी
(ए) **M+Z** (बी) **M-Z**
(सी) **M x Z** (डी) **M/Z**

**7.** परमाणु संख्या 17 तथा द्रव्यमान संख्या 35 के एक क्लोरिन परमाणु के नाभिक में होते है
(ए) 18 प्रोटॉन (बी) 18 न्यूट्रॉन
(सी) 35 प्रोटॉन डी) 35 न्यूट्रॉन

**8.** क्रमांक 20 वाले परमाणु का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास है -
(ए) 2,8,10 (बी) 2,6,8,4
(सी) 2,8,8,2 (डी) 2,10,8

**9.** निम्न में कौन सी इलेक्ट्रॉनिक संरूपण धातु तत्व के लिए है ?
(ए) 2,8,1 (बी) 2,8
(सी) 2,8,8 (डी) 2,8,8,2

उत्तर 1.(डी) 2.(ए) 3.(बी) 4.(बी) 5.(सी) 6.(बी) 7.(बी) 8.(सी) 9.(डी)

## खबर संक्षेप



सीए अनुज मनचंदा को सम्मानित करते स्कूल स्टाफ के सदस्यगण।

### सीए ने किया कैरियर काउंसलिंग सेशन

**बरवाला।** चार्टर्ड अकाउंटेंसी कोर्स को लेकर विद्यार्थियों के मन में बनी सभी भ्रांतियों को दूर करते हुए सीए अनुज मनचंदा ने संत सत्यानंद विद्या विहार में एक विशेष कैरियर काउंसलिंग सेशन का आयोजन किया। उन्होंने सीए कोर्स की पूरी प्रक्रिया, कैरियर के असीमित अवसरों और सफलता के लिए जरूरी रणनीति पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सीए कोर्स केवल गणित के विद्यार्थियों तक सीमित नहीं है, कोई भी कर सकता है। सीए बनने पर कैरियर के कई रास्ते खुलते हैं, जैसे फाइनेंस, टैक्सेशन, ऑडिटिंग और बिजनेस कंसल्टिंग। परीक्षा की कठिनाई से घबराने की बजाय मेहनत से सफलता के रास्ते बनाएं।

### प्राइवेट स्कूल संघ ने सरकार को लिखा पत्र

**बरवाला।** प्राइवेट स्कूल संघ ने मान्यता प्राप्त स्कूलों से अगले सत्र की खाली सीटों का ब्यौरा भरवाने से पहले गत प्रमोट हुए बच्चों के साथ साथ कक्षा चौथी से आठवीं तक की चिराग योजना की बकाया राशि और नौवीं से बारहवीं का 134ए का पैसा जारी करने के लिए मुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री व निदेशक को पत्र लिखा है। प्रदेशाध्यक्ष सत्यवान कुंडू ने कहा कि सरकारी स्कूल के आर्थिक कमजोर बच्चों को चिराग योजना के तहत दाखिले के लिए 7 मार्च 2025 तक खाली सीटों का ब्यौरा शिक्षा विभाग ने मांगा है लेकिन अभी तक न तो गत एक अप्रैल 2024 को अगली कक्षा में प्रमोट हुए किसी भी कक्षा के बच्चों का पैसा मिला है।

### जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता कल

**चरखी दादरी।** गांव हंसावास खुर्द स्थित वाइब्रेंट इंटरनेशनल स्कूल में दो मार्च को जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन सोनीपत में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए होगा। जिला महासचिव नसीब जांघू ने शुक्रवार को बताया कि जिला स्तरीय सीनियर कबड्डी नेशनल व सर्कल महिला और पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन हंसावास खुर्द के वाइब्रेंट इंटरनेशनल स्कूल में दो मार्च रविवार को सुबह 9 बजे से होगा, जिसमें पुरुष वर्ग का भार 85 किलोग्राम व महिला वर्ग का भार 75 किलोग्राम होगा।

### दसवीं के बच्चों का गणित का पेपर नहीं हुआ पूरा

**बवानीखेड़ा।** हरियाणा बोर्ड की 10वीं कक्षा की परीक्षा में गणित विषय का पेपर काफी लैंथी होने व समय का आभाव होने को लेकर विद्यार्थियों के चेहरों पर मायूसी देखी गई। विद्यार्थियों ने बोर्ड से ग्रेस मार्क्स या दोबारा परीक्षा लेने की मांग की। विद्यार्थियों में हिमांशु, नीरज, समीर, हेमंत, मानसी, राखी, तनीषा ने कहा कि परीक्षा में पेपर उनके सिलेबस से बाहर और काफी लैंथी थी।

## हकृवि में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

# शोधार्थी और वैज्ञानिक आपसी तालमेल से करें अपना काम

### भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की होगी अहम भूमिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा है कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की अहम भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भरता और सतत विकास को सुनिश्चित करने के लिए विज्ञान और नवाचार का सही दिशा में उपयोग करना जरूरी है। इसके लिए शोधार्थियों और वैज्ञानिकों को आपसी तालमेल के साथ कार्य करना होगा। कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज शुक्रवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर आत्मनिर्भर और सतत विकसित भारत-2047 के लिए विज्ञान का उपयोग विषय पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मौलिक विज्ञान एवं मानवीकी महाविद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि रहे जबकि पूर्व प्रोफेसर, अधिष्ठाता (शैक्षणिक कार्य) और नोडल अधिकारी राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 गुरु जंभेश्वर विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के डॉ. देवेंद्र कुमार मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम एचएयू साइंस फोरम, इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) व विज्ञान भारती, हिसार के सौजन्य से आयोजित किया गया। उन्होंने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित की गई प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया। कुलपति ने कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। मुख्य वक्ता डॉ. देवेंद्र कुमार ने नई शिक्षा नीति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ज्ञान, शोध व नवाचार को केंद्रित करके काम करने की जरूरत है तथा उन्होंने नए पाठ्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।




**हिसार।** विज्ञान दिवस पर आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत करते कुलपति एवं अन्य अधिकारी।

**ये रहे परिणाम**

क्विज प्रतियोगिता में स्कूल स्तर पर गुंगया व अरमान प्रथम, सिया व अंशुल नेगी द्वितीय तथा निहाल व मुस्कान केजरीवाल तृतीय स्थान पर रहे। कॉलेज स्तर पर रेणुका व राकेश प्रथम, हर्ष व कार्तिक द्वितीय तथा अनीशा व नित्या ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसी प्रकार मॉडल प्रतियोगिता में स्कूल स्तर पर रोहित व जानवी पहले, सुहानी, अंशीका व अहान दूसरे तथा दिवांशु व दक्ष तीसरे स्थान पर रहे। कॉलेज स्तर पर एकता, कोमल व उषा प्रथम, वंशिका, नम्रिता व अंशु द्वितीय तथा खुशबू, धरना व कनिष्का तीसरे स्थान पर रही। पोस्टर प्रतियोगिता में स्कूल स्तर पर कंगना पहले, तन्वी दूसरे व रितीका सैनी तीसरे स्थान पर रही। कॉलेज स्तर पर रूशाली प्रथम, रूपाली द्वितीय व रितीक यादव तीसरे स्थान पर रहे।

## साइंस व मैथ क्विज प्रतियोगिता

- आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में इंटर हाउस साइंस और मैथ क्विज प्रतियोगिता हुई। जिसमें अब्दुल कलाम, ध्यानचंद, मदर टेरेसा और सरोजिनी नायडू हाउस ने भाग लिया। प्रतियोगिता में कक्षा 1 में अब्दुल कलाम हाउस विजेता रहा, कक्षा 2 में ध्यानचंद हाउस ने जीत हासिल की, कक्षा 3 से 5 तक सरोजिनी नायडू हाउस विजेता बना। कक्षा 6 से 8 तक की प्रतियोगिता में भी सरोजिनी नायडू हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्कूल चेयरमैन आनंद यादव ने विजेताओं को बधाई दी। इस मौके में दीपिका , विकास, शायना, ऋचा, आयुषी और पूजा यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक साहिल यादव, प्रिंसिपल नितीश मिश्र, वाइस प्रिंसिपल गीता यादव और प्राइमरी हेड प्रोमिला यादव भी उपस्थित रहे।





**हांसी।** विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते स्कूल प्राचार्य नीतीश कुमार व निदेशक साहिल यादव। *फोटो: हरिभूमि*

## सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह

- जिला पुलिस लाइन में विदाई पार्टी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

जिला पुलिस लाइन में शुक्रवार को 5 पुलिस कर्मियों के रिटायर होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया।समारोह को संबोधित करते कल्याण निरीक्षक इंस्पेक्टर सरोज ने कहा कि पुलिस की नौकरी सेवा और समर्पण का भाव है, और पुलिस की नौकरी के दौरान अक्सर अपनी इच्छओं का त्याग करना पड़ता है। सेवानिवृत हुए कर्मचारियों इंस्पेक्टर. बलबीर, एएसआई सन्त प्रकाश, मुख्य सिपाही अश्वनी, मुख्य सिपाही महावीर व मुख्य सिपाही मदनलाल को जिला पुलिस की और से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा पुलिस विभाग में उनके द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की। कल्याण निरीक्षक सरोज, सब इंस्पेक्टर जोगेन्द्र, प्रवाचक भलाई निरीक्षक प्रदीप सिंह, एमटीओ कप्तान सिंह, एमएचसी पुलिस लाईन सुरेन्द्र सिंह व पुलिस जिला हांसी के अन्य उपस्थिति रहे।



**हांसी।** विदाई समारोह में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के साथ कल्याण निरीक्षक इंस्पेक्टर सरोज। *फोटो: हरिभूमि*

## टीम बी ने जीती क्विज प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

दयानंद महाविद्यालय के प्रबंधन विभाग की ओर से क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें प्रबंधन विभाग से बीबीए के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने शुक्रवार को किया। प्राचार्य ने कहा कि इस तरह की पहल न केवल बच्चों के शैक्षणिक अध्ययन को मजबूत करती है, बल्कि शिक्षा के साथ-साथ आपको अपना मूल्यांकन करने का मौका भी देती है। इस कार्यक्रम की अध्यक्ष प्रबंधन विभाग की इंचार्ज डॉ. सुरूचि शर्मा रही। प्रतियोगिता में मार्केटिंग, मानव संसाधन प्रबंधन, वित्तीय प्रबंधन, प्रबंधन और अकाउंटेंसी पर प्रश्न पूछे गए। मंच संचालन डॉ. रीना व मिस स्मृति के द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में पांच टीमों ने भाग लिया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में टीम-बी से सुमन, सुमित, विवेक और सुलेखा इत्यादि ने प्रथम, टीम-डी ने द्वितीय तथा टीम-ए के प्रतिभागियों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता टीमों को प्राचार्य ने पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता को सफल बनानें में गैर-शिक्षक कर्मचारी सतीश की अहम भूमिका रही। इस अवसर पर स्मृति, अनीता, डॉ. रीना, डॉ. सीमा व ज्योति विशेष रूप से उपस्थित रही।



**हिसार।** कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह एवं अन्य स्टाफ सदस्य। *फोटो: हरिभूमि*

## 'मासिक धर्म स्वच्छता अभियान' कार्यक्रम

- गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी में किया गया आयोजन
- महिला सुरक्षा कानूनों व स्वच्छता की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी में पूरे फरवरी माह में चलने वाला मासिक धर्म स्वच्छता अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अभियान का उद्देश्य छात्राओं में मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना था। यह अभियान महिला एवं बाल विभाग, हिसार और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हिसार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अशोक कुमार और जिला बाल संरक्षण अधिकारी सुनीता यादव ने छात्राओं को संबोधित करते हुए सुरक्षित और स्वच्छ मासिक धर्म प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

उन्होंने मासिक धर्म से जुड़े मिथकों को तोड़ने और स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को प्राथमिकता देने पर जोर दिया।

अपने संबोधन में अशोक कुमार ने महिलाओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा से संबंधित कानूनी अधिकारों पर प्रकाश डाला, जबकि सुनीता यादव ने मासिक धर्म स्वच्छता बनाए रखने के लिए व्यावहारिक सुझाव साझा किए। उनके प्रेरणादायक शब्दों ने छात्राओं को जागरूकता और आत्मविश्वास से सशक्त बनाने का कार्य किया। संस्थान के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार ने मुख्य अतिथियों का स्वागत किया।




**हिसार।** अतिथियों का स्वागत करते संस्थान के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार। *फोटो: हरिभूमि*

## पांच पुलिस कर्मचारी सेवानिवृत्त, दी विदाई

- एएसपी ने सेवानिवृत्ति पर कर्मचारियों व उनके परिवार को दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

पुलिस विभाग में सेवा पुर्ण कर चुके पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के सम्मान में भव्य विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। अपने सेवाकाल के दौरान ईमान्दारी व निष्ठा से कार्य करके पुलिस विभाग का गौरव बढ़ाने वाले सेवानिवृत कर्मचारियों को सम्मान सहित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतीक गहलोत ने मालाएं पहनाकर, सम्मान स्वरूप स्मृति चिह्न व उपहार देकर सम्मानित किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतीक गहलोत ने सेवानिवृत होने वाले पुलिस कर्मचारियों और उनके परिवारजनों को बधाई दी व उनके उज्जवल भविष्य व स्वस्थ सेहत की कामना की। उन्होंने कहा कि ऑनरेरी निरीक्षक का पद पुलिस विभाग में जिन्होंने अपनी पूरी सर्विस बिना किसी भी सजा, साफ छवि और अनुशासन में रहते हुए पूरी की हो उन्हे दिया जाता है। इस विदाई समारोह में जिला पुलिस के कर्मचारी व सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के परिवारजन मौजूद रहे। सेवानिवृत होने वाले पुलिस कर्मचारियों में ऑनरेरी निरीक्षक बलजीत सिंह, ऑनरेरी निरीक्षक रमेश चंद्र, ऑनरेरी निरीक्षक राकेश कुमार, ऑनरेरी निरीक्षक ख्याली राम व एसपीओ रतन सिंह शामिल हैं।



**हिसार।** सेवानिवृत होने वाले कर्मचारी व उनके साथ उपस्थित अधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

## विवि ने 45 विद्यार्थियों को चुना

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



- पढ़ाई के साथ विद्यार्थी आमदन की भी सोचें: वीसी

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय शोध, नवाचार व शिक्षा संबंधित जिम्मेदारियों के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन भी कर रहा है। गुजवि ने जरूरतमंद विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ कमाने के लिए भी प्रोत्साहित किया है। विश्वविद्यालय ने 45 विद्यार्थियों का 'अर्न वाइल यू लर्न' स्कीम के तहत चयन किया है। इस योजना के तहत विद्यार्थी पढ़ने के साथ-साथ विश्वविद्यालय के विभिन्न कार्यालयों में काम भी करेंगे। कुलपति ने शुक्रवार को बताया कि इस योजना के तहत विद्यार्थियों की कोई भी शैक्षणिक या अन्य संबंधित गतिविधि प्रभावित नहीं होगी। उन्होंने बताया कि इस योजना से विद्यार्थियों को आर्थिक फायदा हो सकता है। कुलसचिव डॉ. विजय कुमार ने बताया कि इस स्कीम में विद्यार्थियों को 100 रुपये प्रति घंटा, अधिकतम 600 रुपये प्रति सप्ताह या 2400 रुपये प्रतिमाह पारितोषिक दिया जाएगा। डीन स्टूडेंटस वेल्फेयर प्रो. योगेश चाबा ने बताया कि यह स्कीम विश्वविद्यालय में कई वर्षों से चल रही है। इस स्कीम के माध्यम से इच्छुक विद्यार्थियों से आवेदन मांगे गए थे। इस स्कीम के माध्यम से चयनित विद्यार्थी 31 दिसंबर तक अब अपनी पढ़ाई के साथ-साथ विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों/कार्यालयों में कार्य कर कमाई कर सकेंगे। इस स्कीम में चयनित विद्यार्थियों में कुशल पाल, रीना, वर्षा, अशोक, खुशबू, मोनिका, मुस्कान, नवनीत सिंह, निशांत, सायमा, मोहित, नेनसी, सोनिया, सानिया यादव, शर्मिला, रिया, डोली, अनुराधा, नभजीत, राजन सैनी, संदीप कुमार, किस्मत, नेहा रानी, अक्षय, चांद, साक्षी, तमन्ना, दीपक शर्मा, अजीत, नमन गोस्वामी, समीक्षा, मुस्कान, अनूप मौजूद रहे।

## बंदा बहादुर स्कूल का उत्कृष्ट प्रदर्शन

- साइंस ओलिंपियाड फाउंडेशन 2024-25 में पहली से 10वीं तक विद्यार्थियों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

बाबा बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने साइंस ओलिंपियाड फाउंडेशन 2024-25 में कक्षा पहली से दसवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया, सभी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की। जिसमे 22 विद्यार्थियों ने स्वर्ण पदक प्राप्त किए व कक्षा चौथी के विद्यार्थी दक्ष ने इस ओलिंपियाड में सफलता प्राप्त करके लेवल-2 प्रवेश करके विद्यालय व अभिभावकों का नाम रोशन किया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या लवली चावला ने सभी विजेताओं विद्यार्थियों को पदक व प्रमाण-पत्र प्रदान किया व विद्यार्थियों तथा उनके अभिभावकों को इस शानदार सफलता पर बधाई दी तथा भविष्य में भी इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लेकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के शैक्षणिक कोऑर्डिनेटर पवन रावल ने भी विद्यार्थियों के अथक परिश्रम के साथ-साथ अध्यापक गणों की मेहनत की प्रशंसा की तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



**हांसी।** साइंस ओलंपियाड परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित करती स्कूल प्राचार्या लवली चावला *फोटो: हरिभूमि*

## तीन दिवसीय मेले में किए अद्भुत आध्यात्मिक अनुभव

# 'स्वर्णिम भारत अनुभूति महामेला' का शुभारंभ

- पीडब्ल्यूडी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सौजन्य से पुराना गवर्नमैंट कॉलेज मैदान में तीन दिवसीय 'स्वर्णिम भारत अनुभूति महामेला' का शुरू हो गया है। प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने शुक्रवार को मेले का शुभारंभ किया। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी रमेश, पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा सहित अन्य मौजूद रहे। रणबीर गंगवा ने इस अवसर पर कहा कि वे जब भी ब्रह्माकुमारी राजयोग केंद्र आते हैं तो बड़ी शांति और शक्ति की अनुभूति होती है। मुख्यालय माउंटआबू भी गए थे जहां पर काफी अद्वितीय अनुभव हुए और वहां की सकारात्मक ऊर्जा को प्रत्यक्ष महसूस किया। उन्होंने शहरवासियों से आह्वान किया कि वे इस आध्यात्मिक मेले का लाभ अवश्य उठाएं। इसके पश्चात उन्होंने मेले का अवलोकन किया और शिव ध्वज फहराया गया। केन्द्र प्रभारी बीके रमेश कुमारी ने बताया कि मेले का मुख्य आकर्षण नशा मुक्ति के बारे में लोगों को जागरूक करना है। मेले में लगाई गई माइंड स्पा स्टॉल पर लोगों ने अनोखी अनुभूति की। इसके अतिरिक्त आने वाली सतयुगी दुनिया की स्टॉल पर भारी भीड़ देखने को मिली। इस दौरान 12 ज्योर्तिलिंग के स्टॉल पर लोगों ने ज्योतिर्लिंगों के दर्शन किए व उनके महत्व को जाना।



**हिसार।** मेले का शुभारंभ करते मंत्री रणबीर गंगवा, साथ हैं केंद्र की संचालिका बीके रमेश कुमारी व अन्य। *फोटो: हरिभूमि*

**सूचना**

मैं, मीरा पत्नी श्री सत्यवान निवासी गांव तलवण्डी राणा, तहसील व जिला हिसार, हरियाणा बयान करती हूं कि मेरा पुराना नाम मीरा है और मैं अपना नाम बदलकर मीरा बाई करवाना चाहती हूं। भविष्य में मुझे सभी उद्देश्यों के लिए मीरा बाई के नाम से जाना जाए।

## खबर संक्षेप

### तीन उद्घघोषित आरोपी किए गिरफ्तार

**हांसी।** विशेष अभियान के तहत पीओ स्टाफ हांसी पुलिस ने उद्घघोषित अपराधी भाटोल रांगडान निवासी विजय पाल, मेहर सिंह व सरोज को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को अदालत द्वारा शहर थाना में दर्ज दहेज प्रताड़ना के मामले में उद्घघोषित आरोपी करार दिया हुआ था। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### चौकीदार को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई पार्टी

**हिसार।** नगर निगम के मुख्य सभागार में शेर सिंह चौकीदार की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अतिरिक्त निगम आयुक्त डॉ प्रदीप हुड्डा और उप निगम आयुक्त वीरेंद्र सहारण ने पगड़ी पहनाकर व फूल मालाओं से स्वागत किया। ढोल नगाड़ों के साथ घर के लिए रवाना किया।

### ध्यान व आंतरिक समृद्धि पर ध्यान सत्र कल

**हिसार।** ओशो ध्यान उपवन में 2 मार्च को ध्यान व आंतरिक समृद्धि पर आधारित ध्यान सत्र का आयोजन किया जाएगा। प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक दो सत्र आयोजित किए जाएंगे। इन सत्रों में जहां आंतरिक समृद्धि के संदर्भ में चर्चा होगी, वहीं ध्यान के महत्व पर भी प्रकाश डाला जाएगा। इसके साथ ही ध्यान की विभिन्न विधियों का अभ्यास भी करवाया जाएगा। इतना ही नहीं गीत-संगीत की सुर लहरियों पर थिरकने व झूमने का भी अवसर मिलेगा।

### कन्हैया मित्तल करेंगे श्याम बाबा का गुणगान

**हिसार।** प्रसिद्ध बीड़ बबरान धाम में मनाए जाने वाले 52वें बबरान नरेश प्रकटोत्सव की तैयारियां चरम पर हैं। 3 से 9 मार्च तक हर रोज विभिन्न कार्यक्रमों से श्याम बाबा की आराधना की जाएगी। प्रकटोत्सव में प्रसिद्ध भजन गायक कन्हैया मित्तल सहित कई प्रमुख भजन गायक श्याम बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे। 3 से 5 मार्च तक हर रोज सायं 7 बजे से श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। 3 मार्च को सुनील डाया, तनुश्री, सरगम, विजय व नूर अपने मधुर स्वर में भजन प्रस्तुत करेंगे। इसी भांति 4 मार्च को भजन गायक संजय सोनी, तुषार शर्मा, सुभाष, दीपिका व मोहित उपस्थित रहेंगे। 5 मार्च को प्रसिद्ध भजन गायिका टीना वर्मा, बाबा की परी, ऋतिक, साहिबा पाहवा व सीमा अरोड़ा श्याम बाबा की स्तुति करेंगे। कार्यक्रम की सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

### गुजवि के प्रोफेसर समेत दो कर्मी हुए सेवानिवृत्त

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के प्रोफेसर हरभजन बंसल व एक लेब जयबीर सिंह टेक्नीशियन सेवानिवृत हुए हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति कार्यालय के कमेटी हॉल में सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने समारोह की अध्यक्षता की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. विजय कुमार उपस्थित रहे। वक्ताओं ने सेवा अवधि में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के कार्य की सराहना करते हुए उन्हें बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### लाला लाजपत राय पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान विवि में ऑल इंडिया वाइस-चांसलर वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आगाज

# एचएयू की टीम ने गुजरात और लुवास ग्रीन की टीम ने सोनीपत विवि की टीम को हराया

- तीन दिवसीय प्रतियोगिता में 13 विश्वविद्यालयों की टीमें ले रही हैं भाग
- कुलपति डॉ. एसएस ढाका ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



हिसार। वॉलीबॉल मैच खेलते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि।




हिसार। विजेता को पुरस्कृत करते टूर्नामेंट आयोजक। फोटो : हरिभूमि।

लाला लाजपत राय पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) में 3 दिवसीय ऑल इंडिया वाइस-चांसलर विवि वॉलीबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में लुवास कुलसचिव डॉ. एसएस ढाका बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि डॉ. एसएस ढाका ने टूर्नामेंट में भाग लेने पर सभी टीम के खिलाड़ियों को बधाई दी व आगामी मैच की शुभकामानाएं दी।

### लुवास ब्लू ने मुंबई को हराया

उद्घाटन मैच में मेजबान टीम (लुवास ग्रीन) व सोनीपत विश्वविद्यालय की टीम में पहला मैच खेला गया जिसमें लुवास की ग्रीन टीम ने 25-05, 25-11 से मैच अपने नाम कर लिया। वहीं इस समय दूसरे ग्राउंड पर आयोजित पहले मैच में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय बनाम गुजरात के बीच में खेला गया जिसमें हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने पहला मैच 25-03, 25-03 से जीत लिया। दूसरा लीग मैच लुवास ब्लू टीम और मुंबई विश्वविद्यालय के बीच हुआ इसमें लुवास ब्लू टीम ने मुंबई विश्वविद्यालय की टीम को 21-09 और 21-08 के अंतर से हराया। तीसरा मैच उज्जैन विश्वविद्यालय बनाम हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय जिसमें हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने 21-05, 21-08 जीत प्राप्त की, चौथा मैच सोनीपत विवि व कांगड़ी विवि के बीच हुआ, इसमें कांगड़ी की टीम 21-01, 21-16 जीती। पांचवा मैच में तिरुपति ओर कोटा विवि में हुआ जिसमें कोटा की टीम जीती ।

### महिलाओं की 100 मीटर दौड़

लुवास के छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सज्जन सिहाग ने मुख्य अतिथि व अन्य विशिष्ट अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए बताया कि यह प्रतियोगिता लुवास परिसर में यह प्रतियोगिता 1 मार्च तक आयोजित की जाएगी। देश भर के 13 विश्वविद्यालयों की टीमें इस टूर्नामेंट में भाग ले रही है। इस दौरान लुवास नॉन टीचिंग महिला कर्मचारियों के लिए 100 मीटर दौड़ का आयोजन भी किया गया जिसमें लुवास नॉन टीचिंग महिला कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। रेस में लुवास की लेखा नियंत्रक ऑफिस से सहायक नवीन कुमारी प्रथम स्थान पर रही। इसके बाद मेजबान टीम लुवास के कप्तान सुखबीर मलिक ने सभी उपस्थित टीमों को खेल की शपथ दिलाई।

### ये रहे उपस्थित

लुवास के नॉन टीचिंग प्रधान दयानन्द सोनी ने समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि डॉ. एस. एस.ढाका, विशिष्ट अतिथि छात्र कल्याण निदेशक एच.ए.यू डॉ. एम.एल. खीचड़ व लुवास के छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सज्जन सिहाग, अनुसंधान निदेशक डॉ. नरेश जिंदल, पशुचिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. गुलशन नारंग, विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. वी.एस. पंवार, आई.पी.वी.एस. निदेशक डॉ. पवन कुमार, स्नातकोत्तर अधिष्ठाता डॉ. मनोज रोज, मानव संसाधन एवं प्रबंधन निदेशक डॉ. राजेश खुराना का स्वागत किया।



हिसार। विजेताओं को सम्मानित करते मुख्य अतिथि प्राचार्य दलबीर गिल।

### बीए तृतीय वर्ष की छात्रा सरिति व छात्र रवि बने बेस्ट एथलीट

**बरवाला।** राजकीय कॉलेज में 16 वीं दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद चैंपियनशिप संपन्न हुई। प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा सरिति व छात्र रवि को बेस्ट एथलीट चुना गया। प्राचार्य दलबीर गिल ने प्रतिभागियों और सभी विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार दिए। मीडिया प्रभारी सलेन्द्र ने बताया कि सरिति व रवि बेस्ट एथलीट बने। पुरुष वर्ग 1500 मीटर दौड़ में बीए द्वितीय वर्ष के छात्र संदीप ने प्रथम, बीए तृतीय वर्ष के गौतम ने दूसरा व बीए प्रथम वर्ष के प्रिंस ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 800 मीटर दौड़ में बीए तृतीय वर्ष के छात्र रवि ने प्रथम, बीए द्वितीय वर्ष के संदीप ने दूसरा, बीए तृतीय वर्ष के गौतम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ में बीए तृतीय वर्ष के छात्र रवि ने प्रथम व बीए प्रथम वर्ष के सुनील ने दूसरा व बीए तृतीय वर्ष के गौतम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। ज्वेलियन थ्रो में बीए तृतीय वर्ष के छात्र रवि ने प्रथम और पीजीडीसीए के छात्र सुमित ने दूसरा स्थान तथा बीए तृतीय वर्ष के राकेश ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। ट्रिपल जंप में बीए तृतीय वर्ष के रवि ने प्रथम व बीए तृतीय वर्ष के रविश ने दूसरा तथा बीए तृतीय वर्ष के राकेश ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। हाई जंप में बीए तृतीय वर्ष के छात्र रवि ने प्रथम व बीए द्वितीय वर्ष के संदीप ने दूसरा तथा पीजीडीसीए के छात्र सुमित ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लॉन्ग जम्प में बीए प्रथम वर्ष के कपिल ने प्रथम व बीए तृतीय वर्ष के छात्र रवि ने दूसरा तथा बीए प्रथम वर्ष के प्रिंस ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। डिस्कस थ्रो में बी.कॉम प्रथम वर्ष के नवीन ने प्रथम स्थान और बीए तृतीय वर्ष के राकेश ने दूसरा तथा बीए तृतीय वर्ष के छात्र रवि ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग ज्वेलियन थ्रो में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा सरिति ने प्रथम और एम.कॉम की छात्रा सिमरन ने दूसरा तथा बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा अन्नू ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। ट्रिपल जंप में बी ए तृतीय वर्ष की छात्रा सरिति ने प्रथम और एम.कॉम की छात्रा सिमरन ने दूसरा तथा बीए प्रथम वर्ष की छात्रा गोमती ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। डिस्कस थ्रो में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा सरिति ने प्रथम और एम.कॉम की छात्रा सिमरन ने दूसरा तथा बीए प्रथम वर्ष की छात्रा गोमती ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा सरिति ने प्रथम और बीए प्रथम वर्ष की छात्रा गोमती ने दूसरा तथा एम.कॉम की छात्रा सिमरन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लॉन्ग जम्प में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा सरिति ने प्रथम और बीए प्रथम वर्ष की छात्रा गोमती ने दूसरा तथा एम.कॉम की छात्रा सिमरन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# प्रश्नोत्तरी में जाट कॉलेज की टीम तृतीय

- प्रतियोगिता में 9 कॉलेजों की टीमों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



हिसार। तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली जाट कॉलेज की टीम। फोटो : हरिभूमि

छाजूराम मेमोरियल जाट महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने चौधरी बंसीलाल महिला महाविद्यालय तोशाम में आयोजित हुई भूगोल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। जानकारी देते हुए भूगोल विभाग की अध्यक्षा प्राध्यापिका हर्षलेखा ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन एसोसिएशन ऑफ पंजाब ज्योग्राफर्स के सौजन्य से हुआ जिसमें विभिन्न महाविद्यालयों से 9 टीमों ने भाग लिया।

### अंशु, अतुल और रमन ने लिया भाग

जाट महाविद्यालय की ओर से इस प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष के तीन विद्यार्थियों अंशु, अतुल, व रमन ने भाग लिया तथा यह उपलब्धि हासिल की। असिस्टेंट प्रोफेसर कुमारी अंजू ने प्रतियोगिता में विद्यार्थियों के साथ महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। महाविद्यालय पहुंचने पर प्राचार्य डॉ कपेन्द्र सिंह ने विद्यार्थियों को अपना आशीर्वाद व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डॉ करम सिंह देशवाल, प्राध्यापक नरेश कुमार, प्राध्यापिका पूजा उपस्थित रहे।

# कांग्रेस ने रोड शो कर दिखाई ताकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार




कांग्रेस पार्टी के मेयर पद के प्रत्याशी कृष्ण सिंगला टीटू व पार्टी के पार्षद पद के प्रत्याशियों के समर्थन में कांग्रेस पार्टी ने शुक्रवार को रोड शो निकाला और शक्ति प्रदर्शन किया। मीडिया प्रभारी कृष्ण सिंगला ने बताया कि रोड शो की शुरुआत सेक्टर 1- 4 में कम्युनिटी सेंटर के पास से की गई। रोड शो में सबसे आगे कैंटर में सवार होकर हिसार के सांसद जयप्रकाश, मेयर पद के प्रत्याशी कृष्ण सिंगला टीटू, आदमपुर के विधायक चंद्रप्रकाश, उकलाना के विधायक नरेश सेलवाल, नारनौंद के विधायक जस्सी पेटवाड़, पूर्व चेयरमैन भूपेंद्र गंगवा, पार्टी के सीनियर प्रवक्ता बजरंगदास गर्ग, हनुमान ऐरन, रेखा ऐरन, पूर्व चेयरमैन राजेंद्र सुरा, लाल बहादुर खोवाल एडवोकेट, सतेंद्र सहारण, सोमवीर लांबा, ईश्वर मोर सहित दर्जनों नेता व कार्यकर्ता साथ रहे। रोड़ शो सेक्टर 1-4 के मैदान से चलकर मिल गेट, नई सब्जी मंडी, लाहौरिया चौक, पड़ाव चौक, ऑटो मार्केट, जिंदल पार्क, क्लॉथ मार्केट,बस स्टैंड, नागोरी गेट, पारिजात चौक, छोटूराम चौक, कैंप चौक, डाबड़ा चौक, जिंदल चौक से होता हुआ सातरोड पहुंचा। पूरे रास्ते सड़क के दोनों और दुकानदारों, व्यापारियों व अन्य लोगों ने कांग्रेस पार्टी के काफिले में शामिल नेताओं का भव्य स्वागत किया।

# डीपीएस में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

- 'डीपीएस साइस स्पेक्ट्रम 2025' विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा, 200 से अधिक मॉडल किए पेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार




हिसार। अतिथियों के साथ स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष पर दिल्ली पब्लिक स्कूल में 'डीपीएस साइस स्पेक्ट्रम 2025' विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल के सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया और साइंस इनोवेशन आधारित 200 से अधिक साइंस मॉडल्स व रिसर्च प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का शुभारम्भ स्कूल प्रधानाचार्या मंजु सुधाकर ने किया। साइंस विभागाध्यक्ष डॉ. विकास शर्मा ने बत्ताया कि साइंस विभाग के सभी शिक्षक व शिक्षिकाओं के बेहतर मार्गदर्शन व अथक प्रयासों से विद्यार्थियों ने एआई स्मार्ट ग्लासेज फॉर ब्लाइंड पीपल, रदरफोर्ड गोल्ड फॉयल एक्सपेरिमेंट मॉडल, हेल्थ मोनिटरिंग सिस्टम, रोबोट्स, स्टेम सेल टेक्नोलॉजी, लेज़र सिक्यूरिटी सिस्टम, आटोमेटिक वाटर डिस्पेंसर, सोलर सिस्टम, केपिलरी एक्शन, ट्रांसपोर्ट एंड पोलुशन, प्लैनेटस एंड सेटेलाइट, डे एंड नाईट, वोल्कानो, सेंस ओर्गंस, इलेक्ट्रिसिटी जनरेशन, जैसे ज्ञानवर्धक मॉडल व प्रोजेक्ट्स और मैजिक ऑफ़ स्टायरोफोम, ऑक्सीजन स्टीम गन, केमिकल कैमेलीऑन, कलरफुल केमिकल फ्लेम्स सहित कई मनोरंजक साईंस फन एक्टिविटीज प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया।

# बडाला में पेयजल समस्या, किया प्रदर्शन

- गांव 20 दिनों से पेयजल समस्या, महिलाओं का टूटा सब्र का बांध
- तीन दिन का अल्टीमेटम, समाधान नहीं तो जलघर को लगाएंगे ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद



नारनौंद। गांव बडाला के जलघर में प्रदर्शन करती गांव की महिलाएं।

बडाला गांव में पिछले 20 दिनों से पानी की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों का वीरवार को सब्र का बांध टूट गया। महिलाओं ने जल घर में एकत्रित होकर सरकार और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। काफी देर तक हंगामा किया लेकिन जल घर में तैनात कोई भी कर्मचारी महिलाओं के बुलाने पर भी मौके पर नहीं पहुंचा। महिलाओं ने प्रशासन से गांव के कर्मचारियों को बदलने और पानी के टैंको की सफाई करने की मांग की है। महिलाओं ने प्रशासन को तीन दिन का अल्टीमेटम दिया है और कहा कि उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह जल घर पर ताला जड़ देगी। गांव बडाला निवासी नीलम,संतोष, ऊषा, अंजू, रीतू, कमलेश, रेणु, सुदेश, मंजू ,सुमन, किताबों, कमलेश, बीरमती, अनीता , सीमा, सरोज, गुड़िया, सोहना, गीता इत्यादि ने बताया कि उनके घरों पर पिछले 20 दिनों से पानी की सप्लाई नहीं हुई है। वही आम दिनों में भी करीब 10 दिन में एक बार ही पानी की सप्लाई उनको मिलती है। अगर सर्दियों में ही पानी की सप्लाई का यह हाल है तो मई, जून और जुलाई में सप्लाई की स्थिति क्या होगी। जो पानी उनके घरों में आता है वह पीने पानी पीने लायक नहीं होता क्योंकि मेन टैंक में बहुत ही गंदगी है और उसमें घास उगी हुई है।

### ये लगाए आरोप

उन्होंने गांव के सरपंच को कई बार टैंक की सफाई करवाने को कहा लेकिन न तो जल घर के कर्मचारी टैंक की सफाई कर रहे हैं और न ही गांव का सरपंच इसकी सफाई करवा रहा है। जिसका खामियाजा गांव के लोगों को गंदा पानी पीकर भुगतना पड़ रहा है। गंदा पानी पीकर गांव के लोग बीमार हो रहे हैं। इन समस्याओ को लेकर वह जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को अवगत करवा चुके हैं लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। अगर रविवार तक भी उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो सोमवार को गांव के जल घर पर ताला जड़ देंगी।

# 28 साल सेवा के बाद डॉ. एलिजा कुंडू सेवानिवृत्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



हिसार। सेवानिवृति पर डॉ. एलिजा को सम्मानित करते प्राचार्य।

राजकीय महिला महाविद्यालय की प्रोफेसर डॉ. एलिजा कुंडू सेवानिवृत हो गई। उनकी सेवानिवृति के उपलक्ष्य में महाविद्यालय के समस्त टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ की ओर से विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। मुख्यातिथि डॉ. एलिजा कुंडू रही। डॉ. एलिजा कुंडू ने 28 वर्षों से विभिन्न स्कूलों व कॉलेजों में शिक्षक के रूप में सेवाएं दी हैं। डॉ. एलिजा कुंडू ने अपने सेवाकाल के दौरान समाज के गरीब वर्ग के लोगों के उत्थान के लिए बहुत सामाजिक कार्य किए। डॉ. एलिजा के सफल नेतृत्व में राजकीय महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने न केवल राज्य और राष्ट्रीय स्तर अपितु अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न खेलों में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की है। प्राचार्य डॉ. सतबीर सांगा ने सेवानिवृति पर उन्हें शुभकामनाएं दी।

### गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय में मनाया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

# विज्ञान रुचिकर विषय, इसे अपने जीवन में अपनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



हिसार। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित करते मुख्य अतिथि प्रभजोत सिंह, कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई एवं अन्य।

तकनीकी शिक्षा निदेशालय हरियाणा के महानिदेशक प्रभजोत सिंह ने कहा है कि भारत में वैज्ञानिक दिमागों की कमी नहीं है। जरूरत है विज्ञान को समझने और सही दिशा में कार्य करने की। विज्ञान एक बहुत ही रूचिकर विषय है, इसे अपने जीवन में अपनाएं। महानिदेशक प्रभजोत सिंह शुक्रवार को गुजवि में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर 'एंपावरिंग इंडियन यूथ फॉर ग्लोबल लीडरशिप इन साइंस एंड इनोवेशन फॉर विकसित भारत' विषय पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने की जबकि कुलसचिव डा. विजय कुमार विशिष्ट अतिथि रहे। प्रभजोत सिंह ने कहा कि कोई भी वैज्ञानिक खोज किसी एक दिन का परिणाम नहीं होती, बल्कि वैज्ञानिकों की अथक मेहनत और समर्पण का परिणाम होती है। ऐसे में हमें वैज्ञानिकों की जिंदगी के बारे में भी अवश्य जानना चाहिए।

### प्रकृति से सामंजस्य बनाने में ही विज्ञान का विकास सार्थक

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि विज्ञान केवल प्रयोगशालाओं का विषय ही नहीं है, बल्कि यह जीवन का एक अभिन्न पहलु है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का विकास तभी सार्थक है, जब हम प्रकृति के साथ सामंजस्य बना कर चलें। प्रगति यदि प्रकृति का संतुलन बिगाड़ देगी तो मानव के लिए विनाश ही उत्पन्न करेगी। कुलसचिव डा. विजय कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि ज्ञान भारत के ऋषियों-मुनियों की प्राचीन परंपरा है। हमारी भाषा और ग्रंथ भी वैज्ञानिक हैं। सीएसआईआर के वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक डा. विपिन कुमार गुप्ता व इंटर यूनिवर्सिटी एक्सीलरेटर सेंटर नई दिल्ली के साइंटिस्ट-जी डा. फोरन सिंह ने विशेषज्ञ व्याख्यान दिए। गणित विभाग के अध्यक्ष प्रो. एमके शर्मा ने सभी का धन्यवाद किया। विज्ञान उत्सव कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया और प्रतिभागी विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया।

### ये रहे विजेता

प्रो. सुजाता सांघी ने बताया कि रंगोली में केमिस्ट्री की अंजलि व दीपिका ने पहला, गणित विभाग के राजीव व सिमरन सोनी दूसरे, बायोटेक्नोलॉजी की मुस्कान व कनिका ने तीसरे स्थान पर रहीं। पोस्टर में बायोटेक्नोलॉजी की वंशिका व कीर्ति पहले, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के सिधेष व इकोनोमिक्स के लक्की गर्ग दूसरे तथा बायोटेक्नोलॉजी की कनिका व मोहित वर्मा तीसरे स्थान पर रहे। प्रश्नोत्तरी में गणित के सोनू, शैलेष व मुस्कान पहले, राहुल, अन्नू रानी व बिंदी दूसरे तथा वंशिका, पूजा व सूरज तीसरे स्थान पर रहे। निबंध में इंग्लिश विभाग की दीपिका, रिदम व हितप्रिया ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।